प्रीलिम्स फैक्ट्स :17 सतिंबर, 2018

सुश्री सुब्बुलक्ष्मी

- हाल ही में सुश्री सुब्बुलक्ष्मी जी की 102वीं जयंती मनाई गई। वह भारत के महान कर्नाटक संगीतकारों में से एक थीं।
- वह भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली संगीतकार थीं।
- वह प्रतिष्ठित रमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली भारतीय थीं।
- उन्हें मद्रास म्यूज़िक अकादमी का संगीत कलानिधि पुरस्कार मिला, जिसे कर्नाटक संगीत का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है।
- वह संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर 1966 में संयुक्त राष्ट्र में प्रदर्शन करने वाली पहली भारतीय थीं।
- 2005 में संयुक्त राष्ट्र ने उनकी जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी किया था।

इसरो ने ब्रिटेन के उपग्रहों का प्रक्षेपण किया

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पीएसएलवी-सी42 की मदद से ब्रिटेन के दो उपग्रहों (नोवाएसएआर और एस1-4) को प्रक्षेपित किया है।
- आंध्र प्रदेश में बंगाल की खाड़ी के तट पर भारत के रॉकेट बंदरगाह श्रीहरिकोटा में पोलर सैटेलाइट लॉन्च वाहन (पीएसएलवी) का यह 44वाँ भारतीय रॉकेट प्रक्षेपण है।
- किसी भी भारतीय उपग्रह का प्रक्षेपण नहीं किया जा रहा है क्योंकि यह प्रक्षेपण एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इसरो की वाणिज्यिक शाखा, के माध्यम से अनुबंधित पूरी तरह से वाणिज्यिक है।
- यह पीएसएलवी का पाँचवाँ और इस साल का पहला पूर्णतः वाणिज्यिक प्रक्षेपण है जिसमें पूरा रॉकेट किसी विदेशी कंपनी द्वारा किराए पर लिया गया है।
- नोवाएसएआर उपग्रह में संसाधन मानचित्रण, आपदा प्रबंधन और जहाज़ो का पता लगाने के लिये दिन-रात निगरानी करने की क्षमता है तथा एस1-4 उपग्रह पर्यावरण निगरानी और शहरी प्रबंधन के लिये के लिए बना है।
- इस प्रक्षेपण के लिये पीएसएलवी का सबसे हल्का संस्करण तैनात किया गया है, जिसे 'कोर अलोन' संस्करण कहा जाता है।
- पिछले 43 प्रक्षेपणों में से केवल दो बार पीएसएलवी विफल रहा है, यह अच्छी सफलता दर है।

एमपीएटीजीएम (Man Portable Anti-Tank Guided Missile)

- स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) की उड़ान का सफलतापूर्वक परीक्षण कर लिया गया है।
- यह मुख्य रूप से भारी बख्तरबंद सैन्य वाहनों पर वार करने और उन्हें नष्ट करने के लिये डिज़ाइन किया गया निर्देशित मिसाइल है।
- इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया।
- कम वज़न वाला यह एमपीएटीजीएम मिसाइल इजराइल से प्राप्त होने वाले एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'स्पाइक' का पूरक होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-17-september-2018